सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-639
28/12/2017

# जन सामाजिक कुरीतियां दूर होंगी तो विकास का लाभ और ज्यादा दिखेगा :– मुख्यमंत्री

पटना, 28 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के क्रम में आज मुंगेर जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत जानकीपुर गांव का भ्रमण किया। गांव के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजनान्तर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को देखा। पेयजल निश्चय योजना के तहत जलमीनार का उद्घाटन किया। इसके बाद जानकी नगर पंचायत सरकार भवन का भी मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया तथा जानकी नगर सूचना केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। परिसर में मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया।

गांव भ्रमण के पश्चात् नौवागढ़ी के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 233 करोड़ रुपए की 28 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले आपकी उपस्थिति के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूॅ, अभिनंदन करता हूॅ। विकास कार्यों की समीक्षा के क्रम में आपके बीच आने का मौका मिला है, मैं यहाॅ कई बार आया हूॅ। विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा 9 जनवरी को होगी, जिसमें पदाधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। अभी संतोष साहनी जी ने नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने के संबंध में माॅग की है। कैबिनेट की एक कमेटी है, जो प्रखंडों के पुनर्गठन, अनुमंडल एवं जिला के पुनर्गठन के बारे में विचार करता है, उसकी अनुशंसा पर ही आगे की कार्रवाई होती है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि नौवागढ़ी इसमें पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास के काम हो रहे हैं, सात निश्चय के तहत कार्य किया जा रहा है। संगठनात्मक ढांचा का विकास किया जा रहा है और पुल–पुलियों का निर्माण हो रहा है। तीसरा कृषि रोड मैप लागू हो गया है, इन सब चीजों के साथ–साथ समाज सुधार के काम की बुनियाद रखी गई है। कुछ लोगों का मन अलग तरह का होता है, जो अपवादस्वरूप होते हैं। शराब में कितना पैसा बर्बाद होता था, शराबबंदी के बाद आज वही पैसा बच्चों की पढ़ाई, भरण–पोषण पर खर्च हो रहा है। घर, गांव, कस्बा, शहर का वातावरण कोलाहल से शांत हो गया है। अभी भी चंद लोग चोरी छिपे धंधा करते हैं, सरकार सख्त है। बिजली के खंभे पर एक बोर्ड लगाया जा रहा है, जिस पर पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग का नंबर रहेगा। जो भी दो नंबर का धंधा करता है, उसकी सूचना कोई भी दे सकता है। उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। सरकार ने इस धंधे पर नजर रखने के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस महानिरीक्षक मद्य निषेध पद का गठन किया है, जो इस पर कड़ी नजर रखेगा। मैं आप महिलाओं से कहना चाहता हूॅ कि आप लोगों की मांग पर ही शराबबंदी का निर्णय लिया, आप लोग इस पर नजर रखिए, लोगों को समझाइए। हाल ही में रोहतास और वैशाली में जहरीली शराब पीने से मौत की घटना सामने आई है। लोगों को बताइए कि दो नंबरी वालों से शराब पियोगे तो धरती छोड़कर चले जाओगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक कुरीति के खिलाफ पहले से कानून हैं। बाल विवाह और दहेज प्रथा गुनाह है, इसे खत्म करने के लिए हम लोगों ने अभियान चलाया है। मुंगेर के खैरा गांव में विकास यात्रा के सिलसिले में हम यहां आए थे। यहां पानी में फ्लोराइड की मात्रा के कारण लोग अपंग और बीमार थे। उसका ट्रीटमेंट करवाकर फ्लोराइडमुक्त पानी उपलब्ध करवाया और इसी साल उसका उद्घाटन भी किया। अखबारों में ये खबर छपी है

कि एक गांव में पहुंचा पानी और होने लगी शादी, तो अब यह गांव की हालत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक संवाद कार्यक्रम में एक महिला ने सुझाव दिया कि शराबबंदी कर तो आपने अच्छा किया, दहेज प्रथा को भी बंद कीजिए। हमलोगों ने इस पर विचार किया और खैरा गांव में शुद्ध पेयजल का उद्घाटन करने जब आए थे तो उस दौरान गांव के लोगों के बीच मैंने कहा कि दहेज प्रथा बुरी चीज है और अगर कोई भी दहेज लेता है तो उसकी शादी में मत जाइए। इस बात का गांव के लोगों ने जोरदार समर्थन किया, उससे उत्साहित होकर दहेज प्रथा और बाल विवाह दोनों के खिलाफ हमलोगों ने 2 अक्टूबर से इसकी शुरुआत की इसलिये खैरा गांव का मेरे लिए महत्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जनवरी 2017 को शराबबंदी के खिलाफ चार करोड़ लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर अपना जन समर्थन दिया था। मैं आपलोगों से निवेदन करता हूँ कि 21 जनवरी 2018 को रविवार के दिन आप सब लोग इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिस्सा लें और बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ मानव श्रृंखला बनाकर अपना जन समर्थन दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों पर अमल हो रहा है, सात निश्चय के तहत हर घर तक पक्की गली–नाली, हर घर तक नल का जल, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली के कनेक्शन के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सभी सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत का आरक्षण लागू कर दिया गया है। युवाओं के लिए स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता, सभी सरकारी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में मुफ्त वाई–फाई की सुविधा, उद्यमियों के लिये वेंचर कैपिटल फंड का गठन, कुशल युवा कार्यक्रम के लिए सरकार मदद कर रही है। हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक संस्थान, प्रत्येक अनुमंडल में जी0एन0एम0, ए0एन0एम0 एवं आई0टी0आई0 खोले जा रहे हैं। आपके जिले में भी इंजीनियरिंग कॉलेज खुल रहा है। हम लोग ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर जाना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि धान की खरीद के लिए नमी का निर्धारण अब 17 प्रतिशत से 19 प्रतिशत हो गया है। इससे धान की अधिप्राप्ति में तेजी आएगी, इसके लिए केंद्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान जी को धन्यवाद देता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर क्षेत्र में काम हो रहा है। बाल विवाह, दहेज प्रथा एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। कम उम्र में गर्भधारण करने पर प्रसव के समय जान पर संकट रहता है, जो बच्चे जन्म लेते हैं, वे भी बीमारियों के शिकार होते हैं। दहेज के कारण हत्या और उत्पीड़न के मामले सामने आते हैं। इसे समाप्त करने के लिए हमलोगों ने अभियान चलाया है। इसे समाप्त करने का एक और सटीक उपाय है कि आप लोग उस शादी में शामिल न हो, जिसमें दहेज लिया गया हो। दहेज लेने वाले खुद ब खुद अलग–थलग पड़ जायेंगे। मैं आप लोगों से फिर निवेदन करता हूं कि 21 जनवरी 2018 को मानव श्रृंखला बनाने के लिए जरूर उपस्थित होकर अपने संकल्प का प्रदर्शन कीजिए। जन सामाजिक कुरीतियां दूर होंगी तो विकास का लाभ और ज्यादा दिखेगा। आप सभी लोगों का बहुत–बहुत धन्यवाद। नया साल आने वाला है, उसके लिए मैं आप सबको शुभकामनाएं देता हूँ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्प–गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। इस अवसर पर जल संसाधन तथा योजना एवं विकास मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, विधायक श्री मेवालाल चौधरी, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री उपेंद्र प्रसाद वर्मा, मुंगेर जिले की मेयर श्रीमती रूमा राज, जिले के प्रभारी सचिव श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुंगेर के जिलाधिकारी श्री उदय कुमार सिंह, मुंगेर के पुलिस अधीक्षक श्री आशीष भारती, अन्य वरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******